M.A. 4th Semester Examination, 2024

HINDI

PAPER–HIN-401(Old)

Full Marks : 50

Time : 2 hours

Answer **all** questions

The figures in the right hand margin indicate marks

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable

1. निम्नलिखित में से किन्हीं *चार* प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×4

(क) 'मेरी जीवन–यात्रा' किस विधा की रचना है ? इसके लेखक का पूरा नाम लिखिए ।

(ख) लेखिका महादेवी वर्मा कृत 'चीनी फेरीवाला' संस्मरण में अंकित फेरीवाले की दो प्रमुख चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए ।

(*ग*) 'संधिनी' का आशय 'काव्य में लोक-मंगल की साधनावस्था' के आधार पर बताइये ।

(*घ*) फणीश्वरनाथ रेणु की 'ऋणजल-धनजल' के अतिरिक्त अन्य दो कथेतर रचनाओं के नाम लिखिए ।

(*ङ*) 'हम गांधीजी के आदेश के अनुसार राम-राज ला रहे हैं ।'—यह किसकी उक्ति है और किस पाठ की है ?

(*च*) 'क्रोध' के अतिरिक्त शुक्लजी द्वारा लिखित भाव व मनोविकार संबन्धी दो निबन्धों के नाम लिखिए ।

2. निम्नलिखत में से किंन्हीं *चार* प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4 × 4

(*क*) "आत्मबोध और जगद्‌बोध के बीच ज्ञानियों ने गहरी खाई खोदी पर हृदय ने कभी' इसकी परवाह न की; भावना दोनों को एक ही मानकर चलती रही ।"
—यह अवतरण किस पाठ का है ? और इसके लेखक कौन हैं ? इस अवतरण का निहितार्थ स्पष्ट कीजिए ।

(*ख*) वैष्णव ने होटल में' 'कैबरे' कैसे और क्यों चालू किया ?

(*ग*) 'चित्रकूट की छाया में' के मार्मिक स्थलों का वर्णन कीजिए ।

(*घ*) 'आनन्द की सिद्धावस्था' किसे कहते हैं ? सोदाहरण समझाइये ।

(*ङ*) "'सूखा' में मानवीय पीड़ा और अन्याय की गहन अभिव्यक्ति है ।" स्पष्ट कीजिए ।

(*च*) पठित संस्मरणों के आधार पर महादेवी वर्मा की भाषा–शैली पर सोदाहरण टिप्पणी कीजिए ।

3. निम्नलिखत में से किंन्हीं *दो* प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 8×2

(*क*) निबन्ध–कला के आधार पर क्रोध निबन्ध की समीक्षा कीजिए ।

(*ख*) "परसाई का व्यंग हमारी, हमारे आसपास की जिन्दगी को उघाड़ कर इस प्रकार सामने रख देता है कि ऊपर से सीधी–सादी दिखनेवाली घटनाएँ और स्थितियाँ नये अर्थ देने लगती हैं ।" इस कथन की सोदाहरण पुष्टि कीजिए ।

(ग) 'ऋणजल-धनजल' में चित्रित 'बाढ़' प्रसंग की मूल संवेदना पर विचार कीजिए ।

(घ) "महादेवी के रेखाचित्र मानवीय मूल्यधर्मिता और प्रभावोत्पादकता के लिए प्रसिद्ध हैं ।" इस कथन की विवेचना कीजिए ।

[Internal Assessment – 10 Marks]